*प्रेस विज्ञप्ति*

*जनपद-भदोही*

*दिनांक: 03.09.2026*

*श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर भदोही पुलिस की आमजन को विशेष सौगात,CEIR पोर्टल की मदद से 114 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद, कीमत करीब ₹18.81 लाख,जनवरी 2026 से अब तक भदोही पुलिस ने बरामद किए 812 गुमशुदा मोबाइल फोन, कुल कीमत ₹1.37 करोड़ से अधिक है ।*

*अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के शुभ अवसर पर बेहतरीन भेंट करते हुए जनपद भदोही में गुम हुये मोबाईल फोनों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत भदोही पुलिस द्वारा आमजन मानस के गुम/खोये हुए 114 मोबाईल फोन कीमत करीब ₹18,81,000 (अठारह लाख इक्यासी हजार रूपये) बरामद कर मोबाईल स्वामियों को सुपुर्द किया गया।*

*माह जनवरी 2026 से अब तक भदोही पुलिस द्वारा 812 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किया गया जिसकी कुल कीमत ₹1.37 करोड़ से अधिक है ।*

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर भदोही पुलिस द्वारा आमजन को विशेष सौगात देते हुए गुम/खोए हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत *114 गुमशुदा मोबाइल फोन* , जिनकी अनुमानित *कीमत करीब ₹18,81,000 (अठारह लाख इक्यासी हजार रुपये)* है, बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। जनवरी 2026 से अब तक भदोही पुलिस द्वारा कुल 812 गुम/खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब ₹1,37,86,000 (एक करोड़ सैंतीस लाख छियासी हजार रुपये) है।

*श्री अभिनव त्यागी* , पुलिस अधीक्षक भदोही के दिशा-निर्देशन में जनपद में गुम/खोए हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन के गुम हुए मोबाइल फोनों को तकनीकी माध्यमों से बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुँचाना है।उक्त निर्देशों के क्रम में *श्री शुभम अग्रवाल,* अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों को CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल का प्रभावी उपयोग करते हुए गुम मोबाइलों की बरामदगी में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया गया। शिकायत प्राप्त होते ही मोबाइल का IMEI नंबर एवं अन्य आवश्यक विवरण CEIR पोर्टल पर दर्ज कर, पोर्टल से प्राप्त ट्रेसबिलिटी डिटेल्स, सिम नंबर एवं लोकेशन आदि का तकनीकी विश्लेषण करते हुए त्वरित कार्रवाई, नियमित समीक्षा एवं फॉलो-अप के निर्देश दिए गए।

निर्देशों के अनुपालन में जनपद के विभिन्न थानों पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा CEIR पोर्टल, जनसुनवाई एवं डायल-112 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर सतत प्रयास करते हुए कुल 114 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए।

*थानावार बरामद मोबाइल फोनों का विवरण:-*

1. थाना ज्ञानपुर - 22

2. थाना गोपीगंज - 17

3. थाना कोईरौना - 07

4. थाना भदोही - 15

5. थाना चौरी - 01

6. थाना औराई - 23

7. थाना ऊँज - 10

8. थाना सुरियावां - 17

9. थाना दुर्गागंज - 02

*योग कुल - 114*

आज दिनांक 03.09.2026 को रिजर्व पुलिस लाइन्स, ज्ञानपुर स्थित सभागार में *श्री शुभम अग्रवाल*, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर मोबाइल स्वामियों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही एवं जनपदीय पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया गया तथा पुलिस की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की गई।

भदोही पुलिस द्वारा आमजन की शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।